| |
|---|
| समस्त पत्र–व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं। |

पत्र संख्या :.............................

दिनांक :.................................

प्रेषक,

**कुलसचिव,**
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007,

सेवा में,

**समस्त प्रधान अन्वेषक,**
सेन्टर ऑफ एक्सिलेन्स,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय / महोदया,

कृपया शासन के पत्र संख्या–342–सत्तर–4–2022 दिनांक 25 फरवरी, 2022 द्वारा सेन्टर ऑफ एक्सिलेन्स के अन्तर्गत अवमुक्त धनराशियों एवं आउटकम की लगातार समीक्षा की जा रही है, तथा निहित उद्देश्यों हेतु अवमुक्त धनराशि के व्यय का उपभोग प्रमाण पत्र तथा आउटकम शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिये जा रहे है।

तद्क्रम में अनुरोध है कि वर्ष 2015–16, 2016–17, 2018–19, 2019–20, 2020–21 तथा 2021–22 में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष शत–प्रतिशत व्यय करने के सम्बन्ध में **दिनांक 03.03.2022 को 03.00** बजे प्रशासनिक भवन के मंथन हॉल में बैठक आहूत की गयी है। शासन के निर्देशानुसार सम्बन्धित संकायाध्यक्ष, कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से रिपोर्ट / आख्या प्रस्तुत की जानी है, जिसके क्रम में निम्न बिन्दुओं पर परियोजनावार रिपोर्ट वॉछित है :–

1. परियोजना में किए गए कार्य की अद्यतन प्रगति।
2. अवमुक्त अनुदान के सापेक्ष अद्यतन व्यय की स्थिति।
3. परियोजना की उपलब्धियां।
4. परियोजना से विभाग / जनमानस को हुए लाभों का विवरण।
5. परियोजना पूर्ण होने का रोडमैप–भौतिक एवं वित्तीय मांगपत्र, वर्ष 2021–22 एवं 2022–23।

अतः अनुरोध है कि कृपया दिनांक 02.03.2022 की सायं तक रिपोर्ट प्रेषित करते हुए एक प्रति सहित बैठक में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या PJ-3810-20 दिनांक 28/02/2022

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, ल0वि0वि0ल0।
3. अधिष्ठता, शोध, ल0वि0वि0ल0।
4. वित्त अधिकारी, ल0वि0वि0ल0।
5. लेखाधिकारी, ल0वि0वि0ल0।
6. इंचार्ज वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा समस्त सम्बन्धित मेल आई0डी0 पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. सहायक कुलसचिव, प्रोजेक्ट, ल0वि0वि0ल0।

कुलसचिव